Seat No. : _______________

MA-I-30

April-2007

Hindi

Paper – II

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

१. निम्नलिखित संदर्भ की व्याख्या कीजिए – ३०

(अ) जुवति जोन्ह में मिलि गई नैक न होति लखाइ ।
सौंधे के डोरे चली अली चली संग जाइ ।।

अथवा

आली री म्हारे णेणाँ बाण पडी ।।
चित चढी म्हारे माधुरी मूरत हिवडा अणी गडी ।
कबरी ठाड़ी पंथ निहाराँ अपने भवण खडी ।

(आ) फाटक देकर हाटक माँगत भौरे निपट सुधारी ।
धुर ही ते खोटो खायो है लये फिरत सिर भारी ।।

अथवा

तन रत करि मैं मन रत करि हूँ पंचतत बराती ।
रामदेव मोरे पाँहुनै आये, मैं जोबन मदमाती ।।

(इ) अस मै अधम सखा सुनु मोहू पर रघुबीर ।
किन्हीं कृपा सुमिरि गुन भरे बिलोचन नीर ।।

अथवा

तरूवर फल नहिं खात है, सरवर पियहिं न पान ।
कहि रहिम पर काज हित, संपति सँचहि सुजान ।।

२. 'मीरां के पदों में भक्ति ज्ञान एवं वैराग्य का त्रिवेणी संगम हुआ है'- इस कथन का समर्थन कीजिए । १५

अथवा

कबीर की धर्म एवं समाज सम्बन्धी आलोचना पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

३. 'सुन्दर काण्ड' के आधार पर हनुमान का चरित्र चित्रण कीजिए । १५

अथवा

'भ्रमर गीत सार' में निरूपित उद्धव के ज्ञानयोग का परिचय दीजिए ।

४. संक्षिप्त प्रश्न २०

(अ) मीरा में प्रेम एवं विरह

अथवा

रहीम में भक्तिपरकता

(आ) सूर की गोपियाँ

अथवा

कबीर के निर्गुण राम

(इ) बिहारी की नायिकाएँ

अथवा

विभीषण

(ई) कबीर की साधना

अथवा

रहीम की भाषा

५. वस्तुनिष्ठ प्रश्न का एक पंक्ति में जवाब दीजिए । २०

१. कबीर अपने को कहाँ का जुलाहा मानते थे ?

(१) अयोध्या (२) काशी (३) दिल्ली

२. सुन्दर काण्ड में किस रस का वर्णन किया गया है ?

(१) भक्ति रस (२) वीर रस (३) रोद्र रस

३. मीरा की रचनाएँ किस भाव की हैं ?

(१) दास्य (२) वात्सल्य (३) माधुर्य

४. रहीम की कविता पर किसका प्रभाव है ?

(१) जायसी (२) रसखान (३) कबीर

५. कबीर वड कहाँ पर है ?

(१) कच्छ (२) भडौंच (३) काशी

६. बिहारी के ईष्टदेव कौन हैं ?

(१) शिव (२) कृष्ण (३) राम

७. मीरा जीव गोस्वामी को कहाँ पर मिली थीं ?

(१) जोधपुर (२) वृंदावन (३) मथुरा

८. भ्रमरगीत का काव्यरूप कौन-सा है ?

(१) प्रबन्ध (२) मुक्तक (३) चम्पू

९. बिहारी की ससुराल कहाँ पर थी ?

(१) जयपुर (२) मथुरा (३) आगरा

१०. सूरदास का जन्मस्थान कहाँ पर है ?

(१) सूकरखेत (२) सीही (३) कांकरोली

११. इनमें से कौन रीतिबद्ध कवि है ?

(१) बिहारी (२) भूषण (३) सेनापति

१२. इनमें से कौन सी रहीम की रचना नहीं है ?

(१) मदनाष्टक (२) गीतावली (३) दोहावली

१३. लंकाप्रवेश में किसे देखकर हनुमान प्रसन्न हुए ?

(१) सुंदरभवन (२) तुलसी वृन्द (३) श्री हरि मंदिर

१४. 'सुरसा प्रसंग' मानस के कौन से काण्ड में है ?

(१) प्रथम काण्ड (२) पंचम काण्ड (३) सप्तम काण्ड

१५. बिहारी के गुरु कौन हैं ?

(१) केशवदास (२) नागरीदास (३) सूरदास

१६. रहीम गुजरात के सूबेदार कब बने ?

(१) २५ वर्ष पर (२) २० वर्ष पर (३) १९ वर्ष पर

१७. मीराबाई के श्वसुर का नाम क्या था ?

(१) सूरजमल (२) सांगा (३) वीरमदेव

१८. मीरा पदावली में कौन से छंद का प्रयोग ज्यादा हुआ है ?

(१) सार छन्द (२) सरसी छन्द (३) कुण्डल छन्द

१९. इनमें से कौन अलंकारों के उत्कट भक्त थे ?

(१) बिहारी (२) मतिराम (३) पद्माकर

२०. कबीर का सम्प्रदाय कौन-सा है ?

(१) सगुण (२) निर्गुण (३) रामदासी